Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:30 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:01 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 278 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 2 मई 2024

रुसलान को नहीं मिल रहे...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### घर से बुलाकर युवक पर जानलेवा हमला

**हल्द्वानी।** दंपत्ति ने एक युवक को घर से बुलाकर उसे पर हमला कर दिया जिसमें उसे गंभीर चोट आई है। युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक के परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। इन्द्रानगर बरसाती साबरी मस्जिद के पास वार्ड नं0 32 थाना बनभूलपुरा निवासी नाजरा पत्नि मो. यूसुफ ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि 28 अप्रैल की रात को यासमीन पत्नी नफीस उर्फ अंसारी ने फोन कर उसके पुत्र नाजिम को घर बुलाया। उसका बेटा घर से खाना खाकर उससे मिलने पहुंच गया। आरोप है कि रास्ते में नफीस उर्फ अंसारी पुत्र रईस अहमद व उसकी पत्नी यासमीन निवासी बड़ी रोड बरसाती इन्द्रानगर वार्ड नंबर 33 ने उसको रोक लिया और गन्दी गन्दी गालिंया देने लगे। जब नाजिम ने इसका विरोध किया तो वह मारपीट पर उतारू हो गए। उसके सिर पर लोहे के हथौड़ से प्रहार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। जिससे नाजिम लहुलूहान होकर नीचे गिर पड़ा। उक्त लोग उसे मरा समझकर वहां से चले गए। युवक की मां ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### 19 ग्राम स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** मुखानी पुलिस ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। मुखानी थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान नारायण क्षेत्र में एक युवक को संदिग्ध हालत में घूमते हुए पकड़ लिया। जब उसकी तलाश ली गई तो उसके पास से 19 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम आकाश कुमार पुत्र कन्हैया लाल निवासी गोमती सदन निकट संतोषी माता मन्दिर लालडाठ बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।


## बर्फ से ढका केदारनाथ-बदरीनाथ, गंगोत्री में भी बर्फबारी

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

केदारनाथ धाम में बर्फबारी की ताजा तस्वीरे आज सुबह-सुबह सामने आई। उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बुधवार देर शाम बाद ही मौसम ने करवट बदली। गंगोत्री धाम सहित गौमुख ट्रैक पर भी बर्फबारी हुई। वहीं, चमोली जनपद के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई, जबकि निचले क्षेत्रों में तेज हवाएं चलने से मौसम में ठंडक आ गई।

बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, रुद्रनाथ के साथ ही अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई।





बदरीनाथ धाम में बर्फबारी से मास्टर प्लान के कार्य भी प्रभावित हुए हैं। जबकि, हेमकुंड साहिब पैदल मार्ग पर बर्फ हटाने का काम भी बर्फबारी होने से प्रभावित हुआ है। जोशीमठ, गोपेश्वर, पोखरी क्षेत्रों में तेज हवाएं चलने से मौसम ठंडा हो गया। उधर, हर्षिल घाटी में बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई है। वहीं, मैदानी इलाकों में सुबह से ही मौसम शुष्क बना हुआ है। उधर, मौसम विभाग ने शाम तक पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार जताए हैं। हालांकि मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क ही रहेगा।

**शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला**

## गुजरात में गरजे पीएम मोदी, राहुल पर कसा तंज

**अहमदाबाद**
एजेंसी

राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं। मोदी के आने से पहले इस देश में दो संविधान और दो झंडे थे। शहजादे की पार्टी कांग्रेस ने, इनके परिजनों ने देश में संविधान लागू नहीं होने दिया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के आणंद में चुनाव प्रचार किया। इस प्रचार के दौरान उन्होंने शास्त्री मैदान में एक रैली को भी संबोधित किया। रैली में उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पूरा देश आज विश्वास के साथ कह रहा है, %फिर एक बार मोदी सरकार%। उन्होंने कांग्रेस के 60 वर्षों के कार्यकाल से भाजपा के 10 वर्षों के कार्यकाल की तुलना की। पीएम मोदी ने इस दौरान कांग्रेस के कार्यकाल को शासनकाल कहा। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस को पाकिस्तान का मुरीद बताया है। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। आणंद में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस मुद्दों पर घेरा। उन्होंने कहा, देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है। अब देश ने 10 साल भाजपा का सेवाकाल भी देखा है। वो शासनकाल था, ये सेवाकाल है।



पीएम मोदी ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने बैंकों पर कब्जा कर लिया और ये कहा कि बैंक गरीबों के लिए होने चाहिए। उन्होंने आगे कहा, बैंकों का राष्ट्रीयकरण गरीबों के नाम पर करने के बावजूद भी कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई। मोदी ने 10 साल में 50 करोड़ से ज्यादा जनधन बैंक खाते खोले।

## निजी अस्पताल में डिलीवरी के बाद नवजात शिशु की मौत, गुस्साए तीमारदार

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

**आरोप**

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शिशु के शव को पोस्टमार्टम को भेजा

कोतवाली क्षेत्र एक निजी अस्पताल में गर्भवती महिला को भर्ती कराया। इस दौरान डिलीवरी के बाद नवजात शिशु की मौत हो गई। इस पर परिजनों और तीमारदारों ने हंगामा शुरू कर दिया। चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कर नवजात शिशु के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक

आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी निवासी राहुल के मुताबिक बुधवार शाम को उसकी पत्नी तान्या को प्रसव पीढ़ा हुई। जिस पर वह पत्नी को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। वहां पर डाक्टर ने प्रसव के लिए रेफर कर दिया था। इसके बाद वह रात 10 बजे पत्नी को लेकर सिविल लाइन स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। निजी अस्पताल में रात तीन बजे के आसपास प्रसव हुआ। राहुल के मुताबिक चिकित्सक ने बताया कि बच्चा ठीक है। करीब आधे घंटे बाद साढ़े तीन बजे उन्हें बताया गया कि बच्चे के पेट में कचरा पानी चला गया है, जिससे उसकी मृत्यु हो गई है। इसका पता चलते ही परिजन व तीमारदार भड़क उठे और उन्होंने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।

परिजनों का आरोप था कि आधा घंटे पहले बच्चा ठीक होने की बात कह रहे थे, ऐसे में अचानक बच्चे की मृत्यु कैसे हो गई। बाद में पुलिस को 112 पर सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जानकारी ली। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। फिलहाल पीड़ित की ओर से पुलिस को तहरीर भी नहीं दी है। इधर इस संबंध में चिकित्सक से जानकारी लेने को उनके मोबाइल पर संपर्क किया, चिकित्सक ने फोन रिसीव नहीं किया।

## उत्तराखंड में मतदान संबंधी जानकारी से भरे क्रिएटिव कंटेंट लोगों को पसंद आए

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.वीबीआरसी पुरुषोत्तम ने सोशल मीडिया पर मतदान जागरूकता अभियान को लेकर किए गए कार्यों के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से मार्च महीने की जारी रैंकिंग में उत्तराखण्ड को देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर टीम की सराहना की है। इस क्रम में सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने सचिवालय में सोशल मीडिया टीम के साथ बैठक की और नोडल अधिकारी (सूचना) रवि बिजारनिया के नेतृत्व में टीम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में उत्तराखंड में मतदान जागरूकता अभियान को ग्राउंड स्तर और सोशल मीडिया पर योजनाबद्ध तरीके से तेजी से चलाया गया। मतदान जागरूकता और मतदान संबंधी जानकारी से भरे क्रिएटिव कंटेंट लोगों द्वारा काफी पसंद किए गए। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.विजय कुमार जोगदण्डे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने भी सोशल मीडिया टीम की सराहना की।

## तीसरे चरण के मतदान से पहले राहुल ने केंद्र को घेरा

**नई दिल्ली**
एजेंसी

राहुल गांधी ने कहा कि 2013 में पब्लिक सेक्टर में 14 लाख स्थाई पद थे, जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8.4 लाख ही बचे। बीएसएनएल, सेल, बीएचईएल जैसे टॉप पीएसयू को बर्बाद कर लगभग छह लाख पक्की नौकरियां सिर्फ पब्लिक सेक्टर से ही खत्म कर दी गई।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनकर निशाना साधा है। उन्होंने पीएम मोदी पर दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों से गुपचुप तरीकों से आरक्षण छीनने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी आंख बंद करके निजीकरण को लागू कर पिछड़े वर्गों से आरक्षण छीन रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी सार्वजनिक क्षेत्र में उद्यमों को मजबूत करने और कर्मचारियों के लिए नौकरी के दरवाजे खोलने की गारंटी देती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, 卐पीएम मोदी के चुनाव प्रचार का मंत्र आरक्षण हटाना है। न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी। इसका मतलब है कि न रहेगी सरकारी नौकरी, न मिलेगा आरक्षण।



उन्होंने आगे कहा, मोदी सरकार आंख बंद करके निजीकरण को लागू कर गुपचुप तरीके से पिछड़े वर्गों से आरक्षण छीन रही है।

राहुल ने आगे कहा, 2013 में पब्लिक सेक्टर में 14 लाख स्थाई पद थे, जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8.4 लाख ही बचे। बीएसएनएल, सेल, बीएचईएल जैसे टॉप पीएसयू को बर्बाद कर लगभग छह लाख पक्की नौकरियां सिर्फ पब्लिक सेक्टर से ही खत्म कर दी गई। ये वही पद हैं जहां आरक्षण का लाभ मिलता। सरकारी कार्यों को ठेके पर देकर रेलवे जैसे संस्थानों में जो नौकरियां बैक डोर से खत्म की जा रही हैं उनकी तो कोई गिनती ही नहीं है।

# अवैध खनन व बिना रॉयल्टी के वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागारा में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने हेतु जनपद के उपजिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियों, उप निदेशक खनन व शासन द्वारा अधिकृत संस्थान कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी के अधिकारियों के साथ बैठक की।

डीएम ने सख्त निर्देश दिये कि जनपद में किसी भी प्रकार के अवैध खनन एवं परिवहन न हो इसके लिये सभी सम्बन्धित अधिकारी अपने क्षेत्रों में कार्ययोजना बनाकर अवैध खनन परिवहन को रोकना सुनिश्चित करें। डीएम ने स्पष्ट रूप से निर्देशित दिये कि ऐसे वाहन जो अवैध खनन व बिना रॉयल्टी के संचालित किये जा रहे हैं या अस्पष्ट नम्बर प्लेट के चल रहे हैं, उन्हें सीज करते हुए डीएल, रजि.सस्पेंड की कार्यवाही करते हुए संबंधितों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए खनन अधिनियम व अन्य नियमों के तहत चालान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

वाहन रॉयल्टी से अधिक खनिज, उपखनिज एवं मिट्टी के परिवहन में पकड़े जाते हैं उनके विरूद्ध कार्यवाही अमल में लाते हुए उक्त रॉयल्टी क्रता एवं विक्रेता (स्टोन क्रेशर, स्क्रीनिंग प्लांट, मोबाइल स्टोन क्रशर मोबाइल स्क्रीनिंग प्लांट, पल्वराइजर प्लांट, हॉटमिक्स प्लांट, रेडीमिक्स प्लांट, रिटेल भंडारणकर्ता, पट्टाधारक एवं अनुज्ञा धारक ) के विरूद्ध भी प्राथमिकी दर्ज कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाए। उन्होंने एसडीएम,पुलिस अधिकारियों व उपनिदेशक खनन को निर्देश दिये कि सरकार द्वारा अधिकृत संस्था कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी द्वारा अवैध खनन परिवहन को रोकने के लिये जा रहे चैकिंग कार्यवाही में पूर्ण रूप से सहयोग करें। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिये कि तहसील स्तर पर खनन कारोबारियों के साथ बैठक आयोजित कर अवैध परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के संबंध में जागरूक किया जाये ताकि अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके। अवैध खनन परिवहन के कारण कानून व्यवस्था बिगड़ने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। कर्मचारी चैकिंग के दौरान अपने आईडी कार्ड पहनेंगे जिससे कि उनकी पहचान हो सकें उन्होंने उपनिदेशक खनन को निर्देश दिये कि वे जनपद की सभी क्रेशरों पर नियमित चैकिंग करें व अवैध खनन में उनकी संलिप्तता पाये जाने पर आवश्यक कार्यवाही करान सुनिश्चित करें।

बताया गया कि वर्तमान में 22 चैक पोस्ट स्थापित किये जा चुके हैं जिसमें 300 से अधिक कर्मचारी 24ग7 नियमित रूप से उप खनिज लदे वाहनों में रॉयल्टी चैकिंग हेतु तैनात किये गये हैं। बैठक में एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी चन्द्रशेखर घोड़के, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसपी काशीपुर अभय सिंह,मनीष बिष्ट, उपनिदेशक खनन अमित गौरव, कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी के अधिशासी निदेशक सुरेश कुमार मेडिकोंडा सहित जनपद के एसडीएम , सीओ आदि मौजूद रहे।

## न्यायालयों में लंबित वादों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएं

**नैनीताल।** फर्जी शिक्षक प्रकरण में हाईकोर्ट ने एसआईटी को दो महीने में जांच पूरी करने को कहा है साथ ही सरकार को न्यायालयों में लंबित वादों के बारे में भी विस्तृत जानकारी कोर्ट को उपलब्ध कराने को कहा है।

बता दें कि नैनीताल जिले के दमुवाढूंगा काठगोदाम स्टूडेंट गार्जियन वेलफेयर कमेटी की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने ये निर्देश दिये। सरकार की ओर से आज कोर्ट में पेश रिपोर्ट कहा गया कि 73 प्रतिशत जांच पूरी हो गयी है। अभी जांच जारी है। अभी तक 69 फर्जी शिक्षक पाये गये हैं 49 शिक्षकों को टर्मिनेट कर दिया गया है। बाकी शिक्षकों के वाद उच्च न्यायालय और ट्रिब्यूनल में लंबित हैं। कोर्ट ने कहा कि एसआईटी को दो महीने के अदंर जांच पूरी करे। साथ लंबित वादों की सूची भी अदालत में पेश करे। इस मामले में दो महीने बाद सुनवाई होगी।



## 11 को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु विशेष बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला न्यायाधीश सुबीर कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को आगामी 11 मई (शनिवार) को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बता दें जिला मुख्यालय नैनीताल स्थित दीवानी न्यायालय परिसर में समस्त न्यायाधीशगणों समेत बार संघ नैनीताल के पदाधिकारीगण एवम अधिवक्तागणों के साथ ही विभिन्न बीमा कंपनी के प्रतिनिधि तथा बैंक के अधिकारीगण के साथ विशेष बैठक की गई। जिला जज सुबीर कुमार द्वारा समस्त स्टेकहोल्डर्स से अब तक लोक अदालत में निस्तारण हेतु नियत किए गए मामलों की संख्या एऐसे मामले जिनमे शमन की संभावना है को चिन्हित किया जाना, वादकारियो को लोक अदालत के संबंध में अधिक से अधिक जागरूक किए जाने आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। उनके द्वारा कहा गया की शामनीय प्रकृति के अपराधिक मामले मोटर एक्सीडेंट मामले समेत ट्रैफिक चालान,बैंक लोन रिकवरी के मामले व सिविल वाद व चैक बाउंस के मामले एवं विभिन्न प्रकार के अन्य शमनीय मामले लोक अदालत में निस्तारित होने से न्यायालयों में लंबित मामलों की पेंडेंसी तथा अपील स्तर पर नवीन दायरे को भी काफी सीमा तक कम किया जा सकता है । अत- सभी से एबढ़ चढ़ कर लोक अदालत में प्रतिभाग किए जाने तथा लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अपील की गई।

## पर्यटन सीजन को लेकर चलाया चेकिंग और सत्यापन अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी के निकटवर्ती मंगोली में पुलिस ने चलाया चेकिंग और सत्यापन अभियान बता दे नगर में पर्यटन सीजन में पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए पुलिस की ओर से अभियान शुरू कर दिया गया है। एक रिजॉर्ट में अनियमितता व बिना सत्यापन कर्मचारी मिलने पर पुलिस ने होटल मैनेजर के खिलाफ पांच हजार की चालानी कार्रवाई की है।

बता दें कि नैनीताल में गर्मी के सीजन में को लेकर पर्यटकों की भीड़ उमडने लगी है। ऐसे में अपराधिक गतिविधियां भी बढ़ जाती हैं जिसकी रोकथाम के लिए कोतवाली पुलिस की ओर से अभियान शुरू कर दिया गया है। मंगोली चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता के नेतृत्व में पुलिस ने खुर्पाताल क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान एलयूरा लेक फ्रं ट व्यू रिजॉर्ट में कई अनियमिताएं सामने आई साथ ही रिजॉर्ट के कर्मचारी बिना सत्यापन कार्य करते मिले।

### रिजॉर्ट में अनियमितता व बिना सत्यापन कर्मचारी मिले

नगर में पर्यटन सीजन में पर्यटकों की सुविधा व सुरक्षा को देखते हुए पुलिस की ओर से अभियान शुरू कर दिया गया है। एक रिजॉर्ट में अनियमितता व बिना सत्यापन कर्मचारी मिलने पर पुलिस ने होटल मैनेजर के खिलाफ पांच हजार की चालानी कार्रवाई की है।

बता दें कि नैनीताल में गर्मी के सीजन में को लेकर पर्यटकों की भीड़ उमडने लगी है। ऐसे में अपराधिक गतिविधियां भी बढ़ जाती हैं जिसकी रोकथाम के लिए कोतवाली पुलिस की ओर से अभियान शुरू कर दिया गया है। मंगोली चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता के नेतृत्व में पुलिस ने खुर्पाताल क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान एलयूरा लेक फ्रं ट व्यू रिजॉर्ट में कई अनियमिताएं सामने आई साथ ही रिजॉर्ट के कर्मचारी बिना सत्यापन कार्य करते मिले।

## NEWS / फटाफट

### इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले हुए

**नैनीताल।** नगर के डीएसए मैदान में चल रहे इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता के तहत पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय बनाम जीआईसी नैनीताल के बीच खेला गया जिसमें भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय ने निर्धारित 20 ओवर में 225 रन बनाए वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीआईसी नैनीताल 60 रन पर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच वंश कनौजिया रहे। दूसरा मुकाबला बिशॉप शॉ नैनीताल बनाम आचार्य नरेंद्र देव नैनीताल के समक्ष खेला गया। जिसमें आचार्य नरेंद्र देव ने निर्धारित 20 ओवर में 180 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिशप शॉ नैनीताल की टीम 120 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच पवन रहे। इस दौरान आयोजक मंडल के रवि प्रकाश जोशी समेत दीप कुंवर तथा मोहित बिष्ट और सचिन उपस्थित रहे।

### राज्य मंत्री अजय भट्ट के जन्मदिवस पर पूजा अर्चना



**नैनीताल।** नैनीताल-ऊधम सिंह नगर के सांसद एवं केंद्रीय रक्षा एवम पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट के जन्मदिवस के अवसर पर मां नयना देवी मंदिर में बुधवार को पूजा अर्चना की गई। जिसमें उनके दीर्घ आयु व निरोग्य जीवन की कामना की गई तथा देश व प्रदेश की उन्नति की कामना की गई उसके बाद गोवर्धन कीर्तन हॉल में नैनीताल की विधायक सरिता आर्या द्वारा केक काटकर तथा मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत,मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट,कविता गंगोला, जीवंती भट्ट, नीतू जोशी, मीनू बुधलाकोटी,हेमलता पांडे,सुमन माहोरी,तुलसी डालाकोटी,कंचन जोशी, शालिनी साह,शांति देवी, सुनीता देवी,विक्रम सिंह रावत,मनोज जोशी,संतोष कुमार,मोहित लाल साह,वैभव जोशी,भूपेंद्र सिंह बिष्ट,अरविंद सिंह पडियार,नितीन सिंह कार्की,हरीश सिंह राणा, प्रोफेसर ललित तिवारी, शैलेन्द्र सिंह बिष्ट तथा प्रशांत सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## ऑल सेंट्स कॉलेज में हर वर्ष की तरह प्रिंसिपल डे एवं लेबर डे मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के ऑल सेंट्स कॉलेज में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रिंसिपल डे एवं लेबर डे मनाया गया। इस मौके पर सभी बच्चों को इस दिन के इतिहास और महत्व के बारे मे जानकारी भी दी गयी और इसके माध्यम से नैतिकता का पाठ भी पढ़ाया गया। इसके तहत छात्राओं ने प्रधानाचार्या किरन जरमाया को उनके प्रति अपना स्नेह एवं आदर प्रकट करने के लिए फूलों का गुलदस्ताएस्वयं ही बनाया गया कार्ड भेंट किया,वहीं विद्यालय के कर्मचारियों के लिए भी यह दिन कई मायनो मे यादगार रहा।



हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कक्षा 12 की छात्राओं ने यहं आज किचन के कर्मचारियों के कार्य में हाथ बंटाते हुए पूरे विद्यालय के लिए दिन का खाना बनाने मे उनकी सहायता की और प्रधानाचार्या श्रीमती किरन जरमाया ने उनके कार्य के लिए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हे भेंट दी। वहीं कर्मचारियों ने भी प्रधानाचार्या के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इसके अलावा विद्यालय में चल रहे सांस्कृतिक विनिमय के कार्यक्रम के तहद महाराष्ट्र से यहां आई छात्राओं ने भी इस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इसके अलावा ये छात्राएं आज गोथिक वास्तुकला पर आधारित नैनीताल में स्तिथ गवर्नर हाउस का भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने यूरोपीय पैटर्न पर बनाए गए इस भवन से जुड़े इतिहास और इससे जुड़े कई रोचक तथ्यों की जानकारी हासिल की। इसके अलावा यहां की वनस्पतियों और जेवविविधिता का भी अवलोकन किया। दोनों ही विद्यालयों की छात्राओं ने गवर्नर हाउस स्थित गोल्फ कोर्स पर गोल्ड भी खेला और खेल की बुनायादी बारीकियों से भी रूबरू हुई।

## जल संस्थान पर लापरवाही का आरोप जगह-जगह बह रहा पानी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी और आसपास के पर्वती क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन सीजन आते ही सीजन की शुरुआत हो गई है और पानी की किल्लत भी शुरू हो गई है।

इसके बावजूद भी नगर के मल्लीताल क्षेत्र में पेयजल लाईनों से जगह जगह पानी बहना आम हो चुका है। जगह जगह पानी बहने से लोगों ने जल संस्थान पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

बता दें कि नैनीताल में गर्मी के सीजन में भारी मात्रा में पर्यटक नैनीताल घूमने आते हैं। जिसके चलते लगभग होटल पैक रहते हैं। ऐसे में कई इलाकों में पानी की किल्लत होती है जिसको व्यवस्थित करने के लिए जल संस्थान की ओर से दो एमएलडी पानी ज्यादा सप्लाई किया जाता है लेकिन ऐसे समय में इन दिनों नैनीताल में कई स्थानों पर पानी की लाईनों में लीकेज जल संस्थान को गैर जिम्मेदार दर्शाती है। बुधवार को लोगों ने शिकायत करते हुए कहा है कि बीडी पांडे जिला अस्पताल के पीछे दो से तीन स्थानों पर लाइन में लीकेज होने के चलते भारी मात्रा में पानी नाले में बह रहा है। इधर जल संस्थान के सहायक अभियंता दिलीप सिंह बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र की पेयजल लाईनों में लगातार नजर रखी जा रही है। जिन स्थानों पर भी पानी की लाईनों में लीकेज है उसको ठीक कर दिया जाएगा।

# अभिमत



## बिजली संकट गहराया

*सच यह है कि उत्तराखंड में लोग बिजली संकट से त्रस्त हैं। सरकार द्वारा संकट के समाधान के आश्वासन खोखले साबित हो रहे हैं। बिजली संकट के लिए सरकार बहाने बनाती रहती है। विद्युत कटौती के लिए झूठ बोलने की नौबत आ गई है। भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशन, कूलर, पंखे का सहारा लेते हैं। बिजली की मांग बढ़ गई है। इसी बीच विद्युत उत्पादन गिरा है। अलग-अलग हिस्सों में घंटों बिजली कटौती की जा रही है, लेकिन ऊर्जा निगम के अधिकारी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। लाइन में फाल्ट और मरम्मत का बहाना बना रहे हैं।*

पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन करने के लिए आंदोलन करने वालों का दावा था कि पर्वतीय राज्य को हर तरह से खुशहाल बनाया जायेगा। देश के बड़े राज्य उत्तर प्रदेश का हिस्सा होने से विकास पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और पर्वतीय क्षेत्र पिछड़ा है। उत्तराखंड राज्य का गठन होने पर गंगा, यमुना, कोसी, सरयू आदि नदियों के जल का उपयोग करके पनबिजली से ऊर्जा प्रदेश बनाने की बात राज्य सरकारें करती रही हैं। जरूरत से अधिक बिजली को बेचकर राजस्व प्राप्ति की बात भी कही। सच यह है कि उत्तराखंड में लोग बिजली संकट से त्रस्त हैं। सरकार द्वारा संकट के समाधान के आश्वासन खोखले साबित हो रहे हैं। बिजली संकट के लिए सरकार बहाने बनाती रहती है। विद्युत कटौती के लिए झूठ बोलने की नौबत आ गई है। भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशन, कूलर, पंखे का सहारा लेते हैं। बिजली की मांग बढ़ गई है। इसी बीच विद्युत उत्पादन गिरा है। अलग-अलग हिस्सों में घंटों बिजली कटौती की जा रही है, लेकिन ऊर्जा निगम के अधिकारी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। लाइन में फाल्ट और मरम्मत का बहाना बना रहे हैं। सर्दियों में हिमपात और बारिश कम होने से नदियों का जलस्तर गिर गया है। पनबिजली परियोजनाओं में उत्पादन घटता जा रहा है। राज्य सरकार ने सेंट्रल पूल और खुले बाजार से बिजली लेकर आपूर्ति की कोशिश की है, लेकिन मांग लगातार बढ़ने से बिजली संकट गहराता जा रहा है। मानसून आने पर नदियों का जल स्तर बढ़ेगा, परन्तु पनबिजली उत्पादन नहीं बढ़ सकेगा, क्योंकि सिल्ट आने से हाइड्रो प्रोजेक्ट की टरबाइन नहीं चल पाती हैं। राज्य का गठन होने के ढाई दशक बाद भी पनबिजली के अलावा ऊर्जा के अन्य स्रोत नहीं तलाशे गये। जी-20 के तहत राज्य सरकार ने निवेशकों से समझौते किये हैं। उद्यम बढ़ने पर ऊर्जा की मांग स्वतः बढ़ेगी। केन्द्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा संयंत्र घरों में स्थापित करने के लिए आर्थिक मदद की घोषणा की है। सम्पन्न वर्ग सोलर एनर्जी के लिए आगे आ रहा है। निम्न तबके के लोग सोलर एनर्जी से लाभान्वित हो पायेंगे, इसमें संदेह है। पर्वतीय क्षेत्र और उद्योगों को विद्युत के लिए राज्य सरकार को ही उत्पादन बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। बिजली संकट के कारण निवेशक उत्तराखंड से मुंह मोड़ सकते हैं। पृथक राज्य का गठन होने पर औद्योगिक आस्थानों में उद्यमियों ने फेक्ट्रियां इस उम्मीद से स्थापित की थीं कि ऊर्जा प्रदेश कहे जाने वाले उत्तराखंड में अनवरत बिजली मिलेगी, जबकि उत्तर प्रदेश में ऊर्जा संकट था। वर्तमान में उत्तराखंड में भी उद्योगों और घरेलू उपभोक्ता बिजली को तरस रहे हैं। बिजली संकट से चौतरफा असर होगा और विकास थम जायेगा।

# रुद्रपुर में मज़दूरों ने मई दिवस उत्साह से मनाया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



मई दिवस के मौके पर सिडकुल क्षेत्र में श्रमिक संयुक्त मोर्चा के आवाहन पर विशाल आम सभा हुई। सभा में सिडकुल की विभिन्न यूनियनों मजदूर संगठनों किसान यूनियन ने भागीदारी की।

श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी ने कहा कि आज इस सभा को आयोजित करने में हमें अपने संवैधानिक अधिकार के पालन के लिए माननीय हाईकोर्ट नैनीताल से आदेश लाना पड़ा। मजदूर अधिकारों के लिए प्रशासनिक उपेक्षा को साबित करता है। सिडकुल के शांतिपूर्ण आंदोलन के चरम उत्पीड़न पर रोकथाम से वंचित करने को आज हाईकोर्ट से विफल किया गया है। समूचे औद्योगिक क्षेत्र की यूनियनों के मांग पत्र, सवालों को हल करने में प्रशासन विफल रहा है। कहा कि श्रमिकों की जीवनी स्थितियां कष्ट कर होती जा रही हैं। ऐसे में राज्य सरकार को श्रम विवादों के सटीक व सामंजस्य पूर्ण हल के लिए कार्यवाही की जानी जरूरी है। अन्यथा की स्थिति में आने वाले दिन राज्य सरकार के लिए चुनौती पूर्ण होंगे। वक्ताओं ने एक स्वर से मजदूरों के लोकतंत्र की बहाली की मांग उठाई। कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पारित चार लेबर कोड कानून को मजदूर की गुलामी के कानून घोषित किया और सरकार से पुराने 44 लेबर कानून की बहाली की मांग की।संकल्प लिया गया गया कि आम चुनाव 2024 के उपरांत कॉर्पोरेट की मजदूर विरोधी आर्थिक नीतियों को पलटने हेतु जोरदार संघर्ष किया जाएगा। इस दौरान मजदूर सहयोग केंद्र के अध्यक्ष मुकुल, केके बोरा,कैलाश भट्ट,दिनेश कुमार, बलजिंदर सिंह मान,महेंद्र सिंह,कमलेश कार्की,हीरा सिंह राठौड़,आदि मौजूद रहे। संचालन चंद्र मोहन लखेड़ा ने किया। इस अवसर पर श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन भी भेजा गया।

**मांग**

- **मजदूर विरोधी चार लेबर कोर्ट कानून की वापसी की मांग उठाई**
- **श्रम मंत्री के नाम ज्ञापन भी भेजा**

## राजपाल लेघा खनन निदेशक बने

**हल्द्वानी/देहरादून।** शासन ने भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में कार्यरत निदेशक एसएल पैट्रिक को निलंबित किये जाने के बाद अपर निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय राजपाल लेघा को निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

गौरतलब है कि बीते दिनों अपर सचिव लक्ष्मण सिंह ने गंभीर आरोप लगने के बाद खनन निदेशक पैट्रिक को निलंबित कर दिया था।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम तरन्नुम सुलेमान शम्सी से बदलकर तरन्नुम शम्सी रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे तरन्नुम शम्सी नाम से जाना पहचाना जाए। - **तरन्नुम शम्सी, पत्नी मोहम्मद अशरफ, म.नं.-119 बाजार वार्ड, तल्लीताल, नैनीताल**

# जिला कराटे में गोल्ड जीतने वाले खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग




**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

कराटे एसोसिएशन ऑफ नैनीताल के तत्वाधान में आयोजित चैंपियनशिप में 100 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता आरटीओ रोड स्थित राठौर एकेडमी में कराई गई। इस दौरान बालिका सीनियर वर्ग में निकिता यादव, तारा बिष्ट, पायल, मानसी, टीना ने गोल्ड मेडल जीता, जूनियर में कनिका, किरन व फरीन, केडिड वर्ग में श्रद्धा, जिज्ञासा, काव्यांजली, निशा तथा बालक वर्ग में अतुल, वीरेंद्र, प्रियांशु, चेतन भट्ट, जूनियर बालकों में अमन, प्रयांश, पीयूष, जिवितेश, सिद्धार्थ ने गोल्ड मेडल जीते। इनके अलावा अरव जोशी, आवर बिष्ट, इशान, हर्षवर्धन, साहिल, आयुष, अर्थव, ईशा, दीक्षा, निमिशा, रिया, रबिया आदि ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस मौके पर एसोसिएशन के सचिव देवेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह राठौर, कोच चेतन भट्ट, निकिता यादव, नरेंद्र सिंह, विनोद लखेरा, नीरजा बोरा आदि ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी चार से सात मई तक देहरादून में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

# फिल्मी दुनिया

## रुसलान को नहीं मिल रहे दर्शक, मैदान व बड़े मियां छोटे मियां का हाल




*सिनेमाघरों में हमेशा कई फिल्में लगी रहती हैं, जो दर्शकों का मनोरंजन कराती हैं। इन दिनों सिनेमाघरों में बहुत सी फिल्में प्रदर्शित हो रही हैं। इनमें से कई फिल्मों को दर्शकों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिल रही है। हाल ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं। मगर बॉक्स ऑफिस पर आते ही इस फिल्म का बुरा हाल हो गया है। इस फिल्म को दर्शक मिलना भी मुश्किल हो गए हैं। वहीं, अजय देवगन स्टारर फिल्म मैदान और अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां भी सिनेमाघरों में अब तक लगी हुई है, जो दर्शकों का मनोरंजन करा रही हैं। बॉलीवुड अभिनेता आयुष शर्मा स्टारर फिल्म रुसलान सिनेमाघरों में आते ही फेल साबित हो गई है। रुसलान लोगों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम साबित हुई है। फिल्म में आयुष दमदार एक्शन में नजर आए हैं। इसके बावजूद भी वह दर्शकों पर अपना जादू चलाने में असफल साबित हुए हैं। करण एल भूटानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। मगर ये दर्शकों की उम्मीदों पर उतरने में असफल रही है। घरेलू बॉक्स ऑफिस के रुसलान ने महज 55 लाख रुपये की ओपनिंग ली थी।*

### धीमी रफ्तार के साथ बढ़ रही

*आयुष शर्मा की रुसलान धीमी रफ्तार के साथ आगे बढ़ रही है। पांचवें दिन फिल्म ने 55 लाख रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं छठे दिन फिल्म ने 43 लाख रुपये की कमाई की है। इसी के साथ ही रुसलान ने 3.68 करोड़ की कुल कमाई कर ली है। अक्षय कुमार-टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां अब भी सिनेमाघरों में अपने पैर जमाए हुए है। फिल्म धीमी रफ्तार के साथ आगे बढ़ रही है। ये फिल्म अभी तक सौ करोड़ के पास तक नहीं पहुंच पाई है। 21वें फिल्म ने 50 लाख रुपये की कमाई की है। इसी के साथ ही बड़े मियां छोटे मियां की कुल कमाई 62.05 करोड़ रुपये की हो गई है।*

# अपूर्व मेहता ने दक्षिण अमेरिका के इलिमानी शिखर फतह की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



सरोवर नगरी निवासी जो अब अमेरिकी नागरिक अपूर्व मेहता ने दक्षिण अमेरिका के बोलिवियन एंडीज में स्थित इलिमानी शिखर पर 28 अप्रैल को फतह हासिल की है । यह शिखर बोलीविया के कोर्डिलेरा रियल श्रेणी का सबसे ऊँचा शिखर है जो लगभग 21.122फीट तथा 6.438 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है।

बता दें कि गार्डियन रूप में पूजित यह शिखर इलिमानी शहर के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस शिखर की चढ़ाई में काफी बर्फबारी और कटीले रेज़ों का सामना करना पड़ता है। इस बेहद कठिन शिखर को जीतने के लिए कठोर श्रम और संघर्ष की जरूरत होती है। अपूर्व मेहता ने 14.764फीट तथा 4.500 मीटर की आधार शिविर से चढ़ाई की शुरुआत करते हुए 18.209 फीट तथा 5.550 मीटर की उच्च शिविर पर 28 अप्रैल की सुबह सूर्योदय के समय पहुंचे । बता दें कि पिछले दो हफ्तों में अपूर्व मेहता ने 19.974 फीट तथा 6.088 मीटर की ऊँचाई पर हुयाना पोटोसी और 17.881फीट तथा 5.450 मीटर की ऊँचाई पर पेकेनो अलपामायो को भी जीता है। 28 अप्रैल को वे इलिमानी शिखर पर पहुंचे । इलिमानी की ऊँचाई पंचाचुली शिखर 1, 3, 4 तथा 5 और शिवलिंग के शिखर के समान है जो इस उपलब्धि को और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है । ज्ञात हो कि अपूर्व मेहता नैनीताल अब हल्द्वानी निवासी सुरेश मेहता के सुपुत्र हैं।

## News कॉर्नर

### वाहनों की पार्किंग को अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा

**नैनीताल।** उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संगठन के शाखा सचिव किशन सिंह बिष्ट ने मुख्य पम्प हाउस परिसर के समीप निर्मित पार्किंग स्थल के पास विभागीय वाहनों की पार्किंग किये जाने हेतु स्थल आवंटित कराये जाने के साथ ही पूर्व से निर्मित मीटर रिपेयरिंग तथा जन शिकायत केन्द्र व सीवर गोदाम व वैल्डिंग कक्ष इत्यादि हेतु स्थल आवंटित कराये जाने के सम्बन्ध में जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने निवेदन करते हुए कहा कि जल संस्थान विभाग अपने वाहनों की पार्किंग हेतु स्थल आवंटित करवाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करे जिससे विभागीय कार्यों के संपादन में कर्मचारियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े और सुचारू रूप से कार्य संपादित हो सके।

### मजदूर दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**नैनीताल।** ज्योलीकोट स्थित संत एंथोनी इंटर कॉलेज में बुधवार को मजदूर दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इस मौके पर प्रधानाचार्या सिस्टर शोभा ने कहा कि समाज में हर क्षेत्र में कठिन कार्यों तथा उत्पादन व निर्माण आदि में मजदूरों की अहम भूमिका है और बिना मजदूरों के कोई कार्य संपन्न नहीं हो सकता है लेकिन आज भी सामाजिक आर्थिक स्थिति में कमजोर होने से उनका शोषण होता है, हम सभी को इन मेहनतकशों का सम्मान और इज्जत करनी चाहिए। छात्र- छात्राओं ने कार्यक्रमों द्वारा मजदूरों की जिंदगी से जुड़े मुद्दों पर प्रस्तुति दी। इस दौरान विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उपहार दिए गये।

# शहीद मेजर प्रणय का पार्थिव शरीर पहुंचा घर, श्रद्धांजलि देने को उमड़ी भीड़

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

शहीद मेजर प्रणय नेगी का पार्थिव शरीर उनके घर भनियावाला पहुंचते ही परिजन बिलख पड़े। इस दौरान सैकड़ों लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला सहित ग्रामीणों ने नम आंखों से दी शहीद मेजर को श्रद्धांजलि।

शहीद मेजर प्रणय नेगी का पार्थिव शरीर हरिद्वार ले जाया गया। देहरादून जिले के भानियावाला के संगतियावाला गांव निवासी एक मेजर लेह में हाई एटीट्यूड पर ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे।






मेजर के शहीद होने की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। 18 आर्टिलरी बटालियन में तैनात सुदर्शन नेगी के बेटे मेजर प्रणव नेगी (36) लेह में ड्यूटी पर थे। मंगलवार सुबह सेना मुख्यालय से मेजर प्रणव के परिजनों को सूचना मिली कि स्वास्थ्य खराब होने से वह शहीद हो गए हैं।

मेजर के शहीद होने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मेजर के रिश्तेदारों और आसपास के लोगों ने शहीद मेजर के घर जाकर परिजनों को सांत्वना दी। शहीद मेजर तीन भाई-बहनों सबसे बड़े थे। तीन साल पहले ही मेजर की शादी हुई थी। उनका डेढ़ साल का एक बेटा है। चाचा नरेंद्र नेगी के मुताबिक, लेह में हाई एटीट्यूड में तैनाती के दौरान ऑक्सीजन की कमी से स्वास्थ्य बिगड़ने पर मेजर शहीद हो गए थे। प्रणव नेगी 2013 में आईएमए से पासआउट होकर सेना में लेफ्टिनेंट बने थे। वो मूल रूप से थाती डांगर गांव कीर्तिनगर टिहरी के रहने वाले थे।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख की जमीन एनएच चौड़ीकरण नक्शे में शामिल

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

किच्छा रोड ग्राम भमरौला में मार्ग चौड़ीकरण के कार्य में नक्शे में शामिल पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं कांग्रेस नेता की जमीन को एनएच अधिकारियों ने विभागीय व पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में कब्जे में ले लिया। इस दौरान तीखी नोंक झोक भी हुई। ग्राम भमरौला में मार्ग चौड़ीकरण के कार्य में नक्शे में कांग्रेस नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख किन्नू शुक्ला की जमीन भी शामिल थी। जिस पर एनएच कब्जा नहीं ले पा रहा था और मार्ग निर्माण बीच में ही रूका हुआ था। एनएच के अधिकारियों के मुताबिक इस सन्दर्भ में डीएम कोर्ट में वाद भी विचाराधीन है। एनएच अधिकारियों का कहना है कि भूमि स्वामी को अधिकृत की जाने वाली भूमि का निर्धारित दरो पर भुगतान




करने पर भी विभाग सहमत था। परंतु भू स्वामी भूमि देने को तैयार नहीं था। जिस कारण सड़क निर्माण कार्य में निरंतर देरी हो रही थी। बुधवार को एनएच के तुषार गुप्ता, तहसीलदार दिनेश व एसएसआई केसी आर्या टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां मौजूद लोगों की अधिकारियों से तीखी नोंक झोंक हुई। बाद में जेसीबी मशीन की मदद से टीम ने अधिकृत की जाने वाली भूमि पर कब्जा ले लिया। एनएच अधिकारियों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कर दिया जायेगा।

**कार्रवाई**
- कब्जा करने पहुंचे एनएच के अधिकारियों से वहां मौजूद लोगों से हुई नोकझोंक
- विरोध के बीच अधिकारियों ने जमीन अधिकृत की

# एनएसएस, एनसीसी एवं नमामि गंगे इकाइयों के तत्वाधान में रक्तदान शिविर

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

इंदिरा प्रदर्शनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की एनएसएस, एनसीसी एवं नमामि गंगे इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर में महाविद्यालय के प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्राओं ने प्राचार्य प्रोफेसर शशि पुरोहित के निर्देशन में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। शिविर का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य ने रक्तदान शिविर में प्रतिभाग करने हेतु उपस्थित वॉलिंटियर्स के हौसले की भूरि भूरि प्रशंसा की। आयोजक सचिव डॉ रितुराज पंत ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में 28 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर ललिता जोशी ने बताया कि इस प्रकार के रक्तदान शिविर पहले भी महाविद्यालय में आयोजित किए गए हैं और आने वाले समय में भी इस प्रकार के शिविर लगाए जाते रहेंगे। एनसीसी



प्रभारी डॉक्टर रेखा जोशी ने प्रतिभाग करने वाले सभी वॉलिंटियर्स को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया । शिविर समन्वयक डॉक्टर फकीर नेगी ने सभी टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में डॉक्टर नेहा जोशी, डॉक्टर ललिता जोशी, डॉ गीता पंत, डॉ रेखा जोशी, ज्योति चुफाल , डॉ दिनेश जोशी, डॉ संजू, चंदन, यशोधर, अतुल, मनोज, जया जोशी सहित महाविद्यालय की छात्राओं ने रक्तदान किया। हल्द्वानी सिटी ब्लड बैंक, हल्द्वानी ऑनलाइन संस्था एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने इस रक्तदान शिविर में अपना विशेष योगदान दिया।

# निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

लोक सभा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न होने के बाद अब निकाय चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिला प्रशासन ने वकायदा बुधवार को विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर अति संवेदनशील व संवेदनशील बूथों का निर्धारण किया।

बता दें कि इस वर्ष सात बूथों को संवेदनशील से बाहर कर सामान्य बूथ की श्रेणी में रखा गया है। बुधवार को एसडीएम प्रमोद कुमार ने पालिका कार्यालय में पुलिस व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान बूथों की संवेदनशीलता पर चर्चा की गई। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि बीते चुनाव में शहर के 20 केंद्रो में 32 बूथ थे। जिसमें नौ केंद्रो के 12 बूथ अति संवेदनशील व 11 केंद्रो के 20 बूथ संवेदनशील श्रेणी में रखे गए थे। इस वर्ष चर्चा व विचार विमर्श के बाद सात बूथों को संवेदनशील श्रेणी से निकालकर सामान्य श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा आठ बूथों को संवेदनशील व 17 बूथों को अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। बैठक में प्रशासक नगर पालिका केएन गोस्वामी समेत ईओ राहुल आनंद, तहसीलदार मनीषा मरकाना, कोतवाल हरपाल सिंह तथा एसआई सुनील कुमार व हिमांशु टम्टा मौजूद रहे।

### एक सटोरिया गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** राजपुरा चौकी पुलिस ने तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से सट्टा पर्ची व नगदी आदि बरामद हुई है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। राजपुरा चौकी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को क्षेत्र में सट्टा खेले जाने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन युवकों को धर दोचा। उनकी तलाशी लेने पर उनके पास से 9010 रूपए की नगदी, सट्टा पर्ची आदि बरामद हुई है। पकड़े गए सटोरियों में महेश चन्द्र पुत्र शिवलाल निवासी दमंवाढुगा अम्बेडकर पार्क, गंगाराम निवासी राजपुरा गली नंबर 2 और मुकेश पुत्र रामसरन निवासी आर्मी गेट राजपुरा शामिल हैं।

# लापता लोगों की बरामदगी को चलाया ऑपरेशन स्माइल

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार राज्य में गुमशुदाओं की तलाश को 1 मई से 2 माह का ऑपरेशन स्माईल अभियान शुरू किया। इसी अभियान के तहत जनपद में भी पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है।

इस अभियान की शुरुआत पुलिस कार्यालय में अभियान की नोडल अधिकारी आईपीएस अधिकारी सहायक पुलिस अधीक्षक व सीओ आपरेशन नीहारिका तोमर की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया। इस अभियान में पुलिस विभाग के साथ-साथ बाल कल्याण समितिऔर एनजीओ ने भी प्रतिभाग



किया। इस अभियान में 4 टीमों का गठन किया गया है। जिनमें टीम प्रभारी एक उपनिरीक्षक,4 कांस्टेबल तथा 1 महिला कांस्टेबल को शामिल किया गया है । इसके अतिरिक्त अभियान में 1 टीम एंटी हयूमन ट्रेफिकिंग सेल भी है। टीम में शामिल पुलिस कर्मी लापता लोगों की तलाश करेंगे। इस दौरान अभियान में शामिल कर्मी मौजूद रहे।

# अधिशासी अधिकारी आईएएस राहुल आनंद को दी विदाई

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

नगर पालिका नैनीताल के कर्मचारियों और विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने संयुक्त रुप से नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आईएएस राहुल आनंद को विदाई दी।

बता दें कि राहुल आनंद ने 1 दिसंबर 2023 को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। बुधवार को नगर पालिका नैनीताल के सभागार में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें पालिका कर्मचारी और पदाधिकारियों ने उन्हें उपहार



और स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी। इस दौरान ईओ राहुल आनंद ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि ट्रेनिंग के दौरान 5 महीने का कार्यकाल काफी अच्छा रहा और काफी कुछ सीखने को मिला। प्रशासक तथा कर्मचारी और सभी विभागों ने मेरा पूरा सहयोग किया ताकि में यहां पर अच्छे से काम कर सकूं। भविष्य में मैं फिर से नैनीताल में कार्य करना चाहूंगा ताकि पालिका और कर्मचारियों के लिए कुछ अच्छा कर सकूं।

इस अवसर पर प्रशासक व एसडीएम धारी केएन गोस्वामी समेत मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा समेत सुनील खोलिया, मोहन चिलवाल, शिवराज नेगी, हिमांशु चंद्रा, सोनू सहदेव, धर्मेश प्रसाद, गंगा कमाल, रेखा आर्या,हरीश मेलकानी, कमल कटियार, दीप राज व ओम प्रकाश तथा गिरीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**



सूचित किया जाता है कि ओमप्रकाश तिवारी को श्री राम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने गलत गतिविधि के चलते कंपनी से दिनांक 22 अप्रैल 2024 को निष्कासित कर दिया है, इसलिए अब इनके साथ पैसों को लेकर किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन ना करें, अगर आप इनके साथ किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन करते हैं तो इसमें कंपनी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

शाखा प्रबंधक
श्री राम जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल